Impact Factor (QJIF): 8.47 E-ISSN: 2583-1615, P-ISSN: 3049-3498

International Journal of Research in Academic World

Received: 05/February/2026 IJRAW: 2026; 5(3):203-206 Accepted: 11/March/2026

# नाजी जर्मनी में महिलाओं की भूमिका: विचारधारा, समाज और युद्धकालीन परिवर्तन का ऐतिहासिक विश्लेषण (1933–1945)

*[1]अनन्या श्रीवास्तव और [2]डॉ. शशि नौटियाल

*[1]शोधार्थी, इतिहास विभाग, जे० वी० जैन कॉलेज, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश, भारत।

[2]प्रोफेसर, इतिहास विभाग, जे० वी० जैन कॉलेज, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश, भारत।

**सारांश**

बीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक 1933 से 1945 ई ० के बीच जर्मनी में नाजी शासन की स्थापना के साथ ही महिलाओं की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक स्थिति और भूमिका में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ था। यह शोधपत्र 1933 से 1945 के मध्य नाजी जर्मनी में महिलाओं की सामाजिक, वैचारिक तथा युद्धकालीन भूमिका का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। नाजी विचारधारा ने महिलाओं को मुख्यतः परिवार, मातृत्व और राष्ट्र के लिए संतति उत्पन्न करने की भूमिका तक सीमित करने का प्रयास किया। इस नीति का उद्देश्य "आर्य जाति" के विस्तार और जर्मन समाज के पुनर्गठन से जुड़ा था। प्रारम्भिक वर्षों में नाजी शासन ने महिलाओं को सार्वजनिक जीवन, विशेषकर राजनीति और रोजगार के कई क्षेत्रों से दूर रखने का प्रयास किया तथा उन्हें "Kinder, Küche, Kirche" (बच्चे, रसोई और चर्च) की परंपरागत अवधारणा के अंतर्गत सीमित किया। हालाँकि, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान परिस्थितियों में परिवर्तन आया और श्रम की कमी के कारण महिलाओं की भागीदारी उद्योग, चिकित्सा सेवाओं तथा सहायक सैन्य कार्यों में बढ़ाई गई। इस प्रकार नाजी शासन की नीतियों और वास्तविक सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं के बीच एक प्रकार का अंतर्विरोध दिखाई देता है। इस अध्ययन में वर्णनात्मक और विश्लेषणात्मक शोध विधियों का उपयोग किया गया है। प्रस्तुत शोध का उद्देश्य 1933 से 1945 ई० के बीच जर्मन समाज में महिलाओं की भूमिका, नाजी विचारधारा के प्रभाव तथा युद्धकालीन परिस्थितियों के कारण हुए परिवर्तनों का ऐतिहासिक विश्लेषण करना साथ ही यह भी स्पष्ट करना है कि नाजी शासन ने महिलाओं को किस प्रकार राष्ट्रवादी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एक साधन के रूप में प्रयोग किया। नाजी जर्मनी के सामाजिक इतिहास में महिलाओं की स्थिति और उनकी भूमिका के बहुआयामी पहलुओं को उजागर करना है।

**मुख्य शब्द:** नाजीवाद, जर्मन समाज, महिला नीति, मातृत्व नीति, द्वितीय विश्व युद्ध।

## प्रस्तावना

नाजी विचारधारा नस्लीय श्रेष्ठता, आर्य वर्चस्व तथा अतिराष्ट्रवाद पर आधारित थी, जिसके अंतर्गत महिलाओं की भूमिका को एक विशिष्ट जैविक एवं सांस्कृतिक दायित्व तक सीमित कर दिया गया। Adolf Hitler के नेतृत्व में नाजी शासन के अनुसार महिला का प्राथमिक कर्तव्य मातृत्व का निर्वहन करना, संतानों का पालन-पोषण करना तथा राष्ट्र के लिए 'उत्तम नस्ल' के स्वस्थ नागरिकों को जन्म देना था। इस प्रकार महिलाओं को एक स्वतंत्र सामाजिक-राजनीतिक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी परियोजना के जैविक साधन के रूप में परिभाषित किया गया। नाजी शासन ने नस्लीय विस्तार और जनसंख्या वृद्धि को अपनी राज्य नीति का अभिन्न अंग बनाया तथा 'उत्तम वंश' की अधिकाधिक संतानों के जन्म को जर्मन राष्ट्र की शक्ति और स्थायित्व से जोड़ा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विवाह, मातृत्व और प्रजनन को प्रोत्साहित करने वाली नीतियाँ अपनाई गईं, जिससे महिलाओं को घरेलू क्षेत्र तक सीमित रखने का एक वैचारिक वातावरण निर्मित हुआ। परिणामस्वरूप, महिलाओं की राजनीतिक, बौद्धिक तथा सार्वजनिक जीवन में सहभागिता को व्यवस्थित रूप से हतोत्साहित किया गया और उनके कार्यक्षेत्र को परिवार एवं मातृत्व तक सीमित कर दिया गया। ऐतिहासिक दृष्टि से देखा जाए तो यह नीति केवल सामाजिक नियंत्रण तक सीमित नहीं थी, बल्कि नाजी राज्य की नस्लीय एवं राष्ट्रवादी विचारधारा को व्यवहार में लागू करने का एक संगठित प्रयास थी। 20वीं शताब्दी में जर्मनी में नाजीवाद के रूप में एक ऐसी राजनीतिक विचारधारा का उदय हुआ, जिसने न केवल यूरोप बल्कि संपूर्ण विश्व की राजनीति, समाज और मानवता को गहराई से प्रभावित किया। नाजी विचारधारा के अनुसार पुरुषों का दायित्व युद्ध करना, शासन संचालन करना और राष्ट्र को सुदृढ़ बनाना था, जबकि महिलाओं का मूल कर्तव्य परिवार और संतानों तक सीमित रखा गया। इसी कारण नाजी शासन के अंतर्गत बड़ी संख्या में नौकरीपेशा महिलाओं को सरकारी पदों से हटाया गया तथा विवाह और मातृत्व को उनका सर्वोच्च कर्तव्य घोषित किया गया। महिलाओं को 'शुद्ध आर्य नस्ल' के पुनरुत्पादन के माध्यम के रूप में देखा गया। हालांकि प्रारंभिक वर्षों में महिलाओं को कार्यक्षेत्र

*Corresponding Author: अनन्या श्रीवास्तव

से दूर रखने की नीति अपनाई गई, किंतु द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान पुरुषों की व्यापक सैन्य भागीदारी के कारण श्रम-शक्ति की कमी उत्पन्न हुई। ऐसी परिस्थितियों में नाजी सरकार ने महिलाओं को उद्योगों एवं उत्पादन क्षेत्रों में सम्मिलित करना प्रारंभ किया, जो उनके सशक्तिकरण का परिणाम न होकर, राज्य की राजनीतिक एवं सैन्य आवश्यकताओं से प्रेरित एक व्यावहारिक कदम था।

## साहित्य समीक्षा

नाजी शासनकालीन जर्मन समाज में महिलाओं की भूमिका पर व्यापक रूप से शोध-पत्र, पुस्तकें एवं रिपोर्ट उपलब्ध हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में इनका विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है, जिनमें प्रमुख साहित्य निम्नलिखित हैं—

i). चारु सपरा एवं मीनू पसरीजा द्वारा अनुवादित 'मेरा संघर्ष' एडोल्फ हिटलर की मूल कृति मीन कैम्फ का हिंदी रूपांतरण है। इस ग्रंथ में हिटलर ने अपने जीवन-वृत्त, प्रथम विश्व युद्ध के अनुभवों तथा नाजी विचारधारा के सिद्धांतों का विस्तृत एवं वैचारिक विश्लेषण प्रस्तुत किया है, जो नाजी शासन की नीतियों एवं दृष्टिकोण को समझने में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करता है।

ii). "डॉ. कालूराम शर्मा एवं डॉ. प्रकाश व्यास की पुस्तक "आधुनिक विश्व का इतिहास (1500 से 2000 ई०) जर्मनी में नाज़ीवाद के उदय को एक ऐतिहासिक प्रक्रिया के रूप में विश्लेषित किया है, जिसमें प्रथम विश्व युद्ध के बाद की परिस्थितियाँ, वर्साय की संधि की कठोर शर्तें, आर्थिक संकट तथा राजनीतिक अस्थिरता को प्रमुख कारण माना गया है।

iii). इयान केर्शा ने अपनी पुस्तक "हिटलर ए बायोग्राफी" में यह स्पष्ट किया है कि हिटलर की नेतृत्व शैली और नाज़ी विचारधारा ने जर्मन समाज में महिलाओं की भूमिका को कठोर रूप से सीमित कर दिया।

iv). जैन एवं माथुर की पुस्तक "आधुनिक विश्व का इतिहास (1500 से 2000 ई०)" में नाजीवाद की वैचारिक संरचना और उसकी सामाजिक नीतियों का वर्णन किया गया है लेखक के अनुसार राज्य विचारधारा में महिलाओं को मुख्यतः संतान उत्पन्न करना उसका पालन पोषण करना तथा राष्ट्र को वीर सैनिक प्रदान करना था। इस पुस्तक में यह भी संकेत मिलता है कि महिलाओं की राजनीतिक क्षेत्र में स्वतंत्र भागीदारी का महत्व नहीं दिया गया।

v). जिल स्टीफेंसन की पुस्तक "Women in Nazi Society" में नाज़ी काल में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। लेखिका के अनुसार, 1933 के पश्चात् महिलाओं को क्रमिक रूप से उच्च शिक्षा, प्रशासनिक सेवाओं एवं पेशेवर रोजगार के क्षेत्रों से बाहर किया जाने लगा। इसके साथ ही विवाह ऋण, मातृत्व प्रोत्साहन तथा घरेलू जीवन को बढ़ावा देने वाली नीतियाँ लागू की गईं, जिनका प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को पारिवारिक दायरे तक सीमित करना था।

vi). क्लाउडिया कून्ज़ की पुस्तक "Mothers in the Fatherland" में नाजी शासन की महिला नीति और मातृत्व संबंधी विचारधारा का विश्लेषण किया गया है। लेखक के अनुसार नाजी शासन ने महिलाओं को राष्ट्रवादी परियोजना के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में प्रस्तुत किया।

हालाँकि, सभी इतिहासकार नाज़ी नीतियों को पूरी तरह सफल नहीं मानते। कुछ अध्ययनों में यह तर्क दिया गया है कि 1939 के बाद, जब द्वितीय विश्व युद्ध तीव्र हुआ, तब महिलाओं को कारखानों, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक सहायक भूमिकाओं में प्रवेश देना पड़ा। अन्य इतिहासकारों का मत है कि युद्धकालीन आवश्यकताओं ने नाज़ी विचारधारा के पारंपरिक महिला-आदर्श को आंशिक रूप से कमजोर किया। इससे स्पष्ट होता है कि नाज़ी नीतियाँ और तत्कालीन जर्मन समाज वास्तविक सामाजिक परिस्थितियों के बीच अंतर्विरोध उत्पन्न कर रहे हैं।

## शोध पद्धति

यह शोध ऐतिहासिक एवं विश्लेषणात्मक पद्धति पर आधारित है। इसके अंतर्गत पुस्तकों, शोधपत्रों लेखों, दस्तावेजों तथा विश्वसनीय इतिहासकारों के विचारों का अध्ययन किया गया है। इस शोध पत्र में द्वितीय स्रोतों के आधार पर तथ्यों को एकत्र कर उन्हें क्रमबद्ध और सरल भाषा में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात जर्मनी राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक मंदी और सामाजिक असंतोष से ग्रस्त था। वर्साय संधि ने जर्मन राष्ट्र के आत्मसम्मान और अर्थव्यवस्था को गंभीर क्षति पहुँचाई। इसी परिस्थिति का लाभ उठाकर एडोल्फ हिटलर के नेतृत्व में नाज़ी दल का उदय हुआ। 1933 में सत्ता में आने के बाद नाज़ी शासन ने जर्मनी में एक सर्वसत्तावादी राज्य की स्थापना की, जिसमें राज्य की विचारधारा के अंतर्गत व्यक्ति और समाज दोनों को सर्वोपरि माना गया। इस व्यवस्था में समाज के प्रत्येक वर्ग की भूमिका निर्धारित की गई, और महिलाओं की स्थिति भी इसी वैचारिक ढाँचे के अंतर्गत परिभाषित किया गया। नाज़ी विचारधारा नस्लवाद, अतिराष्ट्रवाद और पुरुष-प्रधान सामाजिक व्यवस्था पर आधारित थी। महिलाओं को स्वतंत्र नागरिक के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र की जैविक और नैतिक संरचना को बनाए रखने वाले माध्यम के रूप में देखा गया। इस प्रकार नाज़ी शासन ने महिलाओं की भूमिका को सीमित और नियंत्रित कर दिया।

## द्वितीय विश्व युद्ध से पूर्व नाजी शासन की महिला नीति और उनकी भूमिका

द्वितीय विश्व युद्ध से पूर्व नाज़ी शासन में महिलाओं की भूमिका को जैविक और नैतिक दायरे तक सीमित किया गया। नाज़ी विचारधारा में महिलाओं को "राष्ट्र की जननी" माना गया। उनके लिए Kinder, Küche, Kirche (बच्चे, रसोई और चर्च) का सिद्धांत प्रस्तुत किया गया, जिसके अंतर्गत महिला का मुख्य कर्तव्य शुद्ध आर्य नस्ल के बच्चों को जन्म देना और उनका पालन-पोषण करना था। नाज़ी शासन के दौरान महिलाओं के सामाजिक जीवन को कठोर नियमों द्वारा नियंत्रित किया गया। विवाह और मातृत्व को महिला का सर्वोच्च कर्तव्य घोषित किया गया। अविवाहित और कार्यरत महिलाओं को सामाजिक रूप से हतोत्साहित किया गया, जबकि अधिक संतान उत्पन्न करने वाली महिलाओं को राज्य द्वारा "मदरहुड क्रॉस" की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस व्यवस्था में महिला की पहचान एक स्वतंत्र व्यक्ति के बजाय पत्नी और माँ के रूप में स्थापित की गई। महिलाओं के व्यक्तिगत आकांक्षाओं, आत्मनिर्भरता और समानता के विचार को महत्व नहीं दिया गया। सामाजिक दृष्टि से महिला का मूल्य उसके पारिवारिक योगदान से समझा गया।

नाज़ी शासन ने महिलाओं की शिक्षा को सीमित करने की नीति अपनाई। विश्वविद्यालयों में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए गए और महिला शिक्षकों को उच्च पदों से हटाया गया। उच्च शिक्षा को महिलाओं के "प्राकृतिक कर्तव्यों" के विरुद्ध बताया गया। शिक्षा का उद्देश्य महिलाओं को बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना नहीं, बल्कि उन्हें "अच्छी माँ और पत्नी" बनाना रह गया। इसके परिणामस्वरूप हजारों छात्राएँ शिक्षा से वंचित हो गईं और जर्मन समाज में महिलाओं की बौद्धिक प्रगति अवरुद्ध हो गई। नाज़ी शासन के आरंभिक वर्षों में महिलाओं को रोजगार से हटाने की नीति अपनाई गई। विवाहित महिलाओं को नौकरियों से निकाल दिया गया और पुरुषों के लिए रोजगार सुरक्षित करने का प्रयास किया गया। उनका

आर्थिक स्वतंत्रता का अधिकार सीमित कर दिया गया। चिकित्सा, शिक्षा और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की संख्या में तीव्र गिरावट आई। हालाँकि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान श्रमिकों की भारी कमी के कारण महिलाओं को पुनः उद्योगों और कारखानों में कार्य करने के लिए बुलाया गया। लेकिन यह सहभागिता अस्थायी और राज्य की आवश्यकता-आधारित थी, न कि अधिकार आधारित थी। नाज़ी शासन में महिलाओं को राजनीति और निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया से पूर्णतः बाहर कर दिया गया। राइखस्टाग में महिलाओं का प्रतिनिधित्व समाप्त हो गया और स्वतंत्र महिला संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। महिलाएँ केवल नाज़ी पार्टी द्वारा नियंत्रित संगठनों में ही कार्य कर सकती थीं, जहाँ उनका उद्देश्य शासन की विचारधारा का प्रचार करना था। इस प्रकार महिलाओं को राजनीतिक चेतना और नेतृत्व से वंचित कर दिया गया। नाज़ी प्रचार तंत्र ने महिलाओं को एक आदर्श छवि का निर्माण किया। पत्रिकाओं, फिल्मों और पोस्टरों में महिलाओं को त्यागमयी माँ और आज्ञाकारी पत्नी के रूप में प्रस्तुत किया गया। स्वतंत्र और कार्यरत महिलाओं को नकारात्मक रूप में चित्रित किया गया। इस प्रचार का उद्देश्य महिलाओं की मानसिकता को नाज़ी विचारधारा के अनुरूप ढालना था। इस प्रकार नाजी शासन का महिलाओं के जीवन पर गहरा मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव पड़ा। इससे उनकी स्वतंत्रता, आत्मनिर्णय और व्यक्तिगत विकास बाधित हुआ। मेरे अध्ययन के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि नाजी शासन की महिला नीति वैचारिक रूप से अत्यंत कठोर और पितृसत्तात्मक थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं की स्वतंत्र सामाजिक पहचान को सीमित करना था।

## द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी शासन के अंतर्गत महिलाओं की बदलती भूमिका

द्वितीय विश्व युद्ध (1939–1945) के दौरान जर्मनी में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और बहुआयामी रही, जो नाजी पार्टी के उस प्रचार से कहीं अधिक विस्तृत थी, जिसमें महिलाओं को मुख्यतः मातृत्व और घरेलू दायित्वों तक सीमित किया गया था। एडोल्फ हिटलर के विचारों में युद्ध को जीवन का एक अनिवार्य तत्व माना गया, जिससे नाजी राज्य की आक्रामक एवं सैन्यवादी सोच परिलक्षित होती दिखाई देती है। अनुमानतः लाखों जर्मन महिलाओं ने नाजी संगठनों में सक्रिय भागीदारी निभाई, जो नस्लीय शुद्धता, साम्राज्यवादी विस्तार और युद्ध संबंधी नीतियों को आगे बढ़ाने में सहायक थीं। तथापि, नाजी शासन को यह आशंका बनी रही कि महिलाओं की व्यापक सार्वजनिक भागीदारी उसकी पारंपरिक पारिवारिक नीति को कमजोर कर सकती है। इसी कारण प्रारंभिक वर्षों में महिलाओं को मुख्यतः सहायक एवं सीमित भूमिकाओं तक ही रखा गया। हालांकि, जैसे-जैसे युद्ध आगे बढ़ा और बड़ी संख्या में पुरुष सेना में भर्ती होते गए, जर्मनी में श्रम-शक्ति की कमी स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आई। विशेष रूप से 1942 के बाद, जब जर्मनी को विभिन्न मोर्चों पर संघर्ष करना पड़ा, तब यह स्थिति और अधिक गंभीर हो गई। परिणामस्वरूप, नाजी शासन को महिलाओं को औद्योगिक उत्पादन, चिकित्सा सेवाओं तथा अन्य सहायक कार्यों में शामिल करना पड़ा। इस परिप्रेक्ष्य में यह स्पष्ट होता है कि नाजी महिला नीति पूर्णतः स्थिर या सैद्धांतिक नहीं थी, बल्कि परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तित होती रही। अतः यह कहा जा सकता है कि राज्य ने अपनी आवश्यकताओं के अनुसार महिलाओं की भूमिका बदली, जिससे नाज़ी विचारधारा की दोहरी नीति उजागर हुई।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मन महिलाओं की औद्योगिक क्षेत्र में भागीदारी मुख्यतः युद्धकालीन परिस्थितियों की उपज थी। युद्ध के आरंभ के साथ ही बड़ी संख्या में पुरुषों की सेना में भर्ती होने के कारण उद्योगों में गंभीर श्रम-संकट उत्पन्न हो गया। इस कमी की पूर्ति हेतु महिलाओं को विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों में सम्मिलित किया गया, जहाँ उन्होंने हथियार निर्माण, गोला-बारूद उत्पादन, राइफल, मशीनगन तथा तोपों के पुर्जों के निर्माण, साथ ही बम एवं मिसाइलों के संयोजन जैसे तकनीकी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। उत्पादन इकाइयों में मशीन संचालन तथा असेंबली कार्यों में भी महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। यद्यपि इन कार्यों में जोखिम का स्तर उच्च था, फिर भी महिलाओं ने युद्ध उत्पादन को बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान दिया। युद्ध के उन्नत चरण में उन्हें विमान उद्योग तथा भारी मशीनरी निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी नियोजित किया गया, जहाँ युद्धक विमानों के पुर्जों का निर्माण, इंजनों की असेंबली तथा संचार उपकरणों के उत्पादन जैसे कार्य संपादित किए गए। इन क्षेत्रों में तकनीकी दक्षता की आवश्यकता ने महिलाओं को नए कौशल अर्जित करने का अवसर भी प्रदान किया। हालांकि, महिलाओं की औद्योगिक भागीदारी मित्र राष्ट्रों की तुलना में अपेक्षाकृत सीमित रही, जिसका प्रमुख कारण नाजी शासन की वैचारिक हिचकिचाहट थी, जो महिलाओं को पूर्णकालिक औद्योगिक श्रम में व्यापक रूप से सम्मिलित करने के पक्ष में नहीं थी। इसके अतिरिक्त, कार्य-परिस्थितियाँ भी अत्यंत चुनौतीपूर्ण थीं, जिनमें लंबे कार्य-घंटे, अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएँ तथा वेतन असमानता शामिल थीं। साथ ही, जर्मनी द्वारा विदेशी श्रमिकों एवं युद्धबंदियों के व्यापक उपयोग से यह स्पष्ट होता है कि महिलाओं की औद्योगिक भागीदारी श्रम-संकट के समाधान का केवल आंशिक उपाय थी।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मन महिलाओं की चिकित्सा एवं नर्सिंग सेवाओं में भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। युद्ध के प्रारंभ से ही बड़ी संख्या में पुरुष सैनिक मोर्चे पर भेजे गए, जिससे अस्पतालों और चिकित्सा केंद्रों में प्रशिक्षित कर्मियों की आवश्यकता बढ़ गई। इस परिस्थिति में जर्मन महिलाओं ने नर्स, सहायक चिकित्सक तथा स्वास्थ्यकर्मी के रूप में सक्रिय योगदान दिया। रेड क्रॉस तथा अन्य चिकित्सा संगठनों के माध्यम से महिलाओं को युद्धक्षेत्रों के निकट स्थापित अस्पतालों, सैन्य चिकित्सा शिविरों और घरेलू चिकित्सालयों में नियुक्त किया गया। वे घायल सैनिकों की देखभाल, प्राथमिक उपचार, ऑपरेशन के बाद की सेवा तथा दवाइयों के प्रबंधन जैसे कार्यों में संलग्न रहीं। बमबारी से प्रभावित नागरिकों की सहायता और आपातकालीन सेवाओं में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। इन सेवाओं के दौरान महिलाओं को कठिन परिस्थितियों—अपर्याप्त संसाधन, निरंतर खतरा और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा। फिर भी उन्होंने धैर्य और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। नाजी शासन ने उनकी सेवाओं को राष्ट्रभक्ति और त्याग के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया, किंतु यह भूमिका भी युद्धकालीन आवश्यकता का परिणाम थी। इस प्रकार, चिकित्सा एवं नर्सिंग क्षेत्र में जर्मन महिलाओं का योगदान युद्धकालीन जर्मनी के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण सिद्ध हुआ।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मन महिलाओं ने प्रशासनिक और संचार सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुरुषों के सेना में चले जाने के कारण सरकारी कार्यालयों और सैन्य विभागों में कर्मचारियों की कमी उत्पन्न हो गई थी। इस स्थिति में महिलाओं को टाइपिस्ट, क्लर्क, टेलीफोन ऑपरेटर और संदेशवाहक के रूप में नियुक्त किया गया। वे आधिकारिक दस्तावेज़ तैयार करने, अभिलेखों के संधारण, आदेशों के प्रसारण और पत्राचार के संचालन का कार्य करती थीं। संचार सेवाओं में उनकी भूमिका विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण थी, क्योंकि युद्धकाल में त्वरित और सटीक सूचना का आदान-प्रदान आवश्यक था। कई महिलाएँ वायु रक्षा इकाइयों में भी सहायक के रूप में कार्यरत थीं, जहाँ वे हवाई हमलों के दौरान चेतावनी संकेत प्रसारित करने और नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने में सहयोग करती थीं। यद्यपि ये भूमिकाएँ सहायक प्रकृति की थीं, फिर भी युद्धकालीन प्रशासनिक व्यवस्था को बनाए

रखने में उनका योगदान अत्यंत आवश्यक और प्रभावशाली सिद्ध हुआ।

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मन महिलाओं ने नाजी संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाई। नाजी महिला संगठन (NS-Frauenschaft) और जर्मन महिला संघ के माध्यम से उन्हें संगठित किया गया। इन संगठनों का उद्देश्य महिलाओं को नाजी विचारधारा से जोड़ना और उन्हें राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करना था। महिलाएँ प्रचार गतिविधियों, सामाजिक सेवा, राशन वितरण तथा सैनिक परिवारों की सहायता जैसे कार्यों में संलग्न रहीं। वे युद्धकालीन अभियानों के समर्थन में जन-जागरण और नैतिक उत्साह बनाए रखने का कार्य भी करती थीं। इस प्रकार, नाजी संगठनों में उनकी सक्रियता शासन की नीतियों को समाज तक पहुँचाने का माध्यम बनी। यद्यपि युद्धकाल में महिलाओं की सार्वजनिक भागीदारी बढ़ी, फिर भी नाजी शासन ने इसे अस्थायी और आवश्यकता-आधारित बताया। युद्धकालीन अनुभव ने कई महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सार्वजनिक जीवन का अनुभव प्रदान किया। उन्होंने आर्थिक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। नाजी शासन के अंतर्गत महिलाओं का जीवन राज्य की वैचारिक और नस्लीय नीतियों के अधीन नियंत्रित रहा। नस्लीय नीति के अंतर्गत यहूदी, रोमा, राजनीतिक विरोधी तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं को एकाग्रता शिविरों में भेजा गया। रावेन्सब्रुक जैसे शिविर विशेष रूप से महिलाओं के लिए स्थापित थे, जहाँ उन्हें कठोर श्रम, कुपोषण, चिकित्सकीय प्रयोगों और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। अनेक महिलाओं की मृत्यु अमानवीय परिस्थितियों, बीमारियों और हिंसा के कारण हुई।

युद्ध के अंतिम चरण (1944–1945) में प्रशासनिक तंत्र के विघटन और सैन्य पराजय की स्थिति में व्यापक अव्यवस्था उत्पन्न हुई। बमबारी, विस्थापन और सुरक्षा तंत्र की कमजोरी के कारण अनेक महिलाओं को लूटपाट, शारीरिक हिंसा तथा यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से पूर्वी क्षेत्रों में सोवियत सेना के प्रवेश के समय जर्मन नागरिक महिलाओं के विरुद्ध बड़े पैमाने पर हिंसा की घटनाएँ दर्ज की गईं। इस प्रकार 1933 से 1945 तक नाजी शासन का प्रभाव महिलाओं की सामाजिक भूमिका, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा पर गहरा आघात सिद्ध हुआ। हालांकि युद्ध समाप्ति के बाद उन्हें पुनः घरेलू जीवन की ओर लौटने के लिए प्रोत्साहित किया गया, फिर भी यह अनुभव जर्मन समाज में महिलाओं की स्थिति पर दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ गया।

## निष्कर्ष

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि 1933 से 1945 के मध्य नाजी शासन के अंतर्गत जर्मन समाज में महिलाओं की भूमिका एक सुविचारित, नियंत्रित एवं वैचारिक रूप से निर्देशित ढाँचे के भीतर निर्धारित की गई थी। Adolf Hitler के नेतृत्व में विकसित नाजी विचारधारा ने महिलाओं को मुख्यतः माता, गृहिणी तथा 'आर्य नस्ल' की संवाहिका के रूप में परिभाषित किया, जिससे उनके सामाजिक एवं राजनीतिक अधिकारों का सीमांकन हुआ। "Kinder, Küche und Kirche" (बच्चे, रसोई और चर्च) की अवधारणा के माध्यम से महिलाओं को सार्वजनिक जीवन तथा राजनीतिक सहभागिता से दूर रखने का प्रयास किया गया। यह नीति न केवल पितृसत्तात्मक सामाजिक संरचना को सुदृढ़ करने का माध्यम थी, बल्कि नाजी राज्य के नस्लीय एवं जनसंख्या-विस्तार संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति का भी एक प्रमुख साधन थी। हालांकि, World War II की परिस्थितियों ने इस वैचारिक संरचना को व्यावहारिक स्तर पर चुनौती दी। युद्ध के दौरान उत्पन्न श्रम-संकट के कारण महिलाओं को उद्योगों, कारखानों, चिकित्सा सेवाओं तथा अन्य सहायक क्षेत्रों में कार्य करने के लिए सम्मिलित करना पड़ा। इस प्रकार, नाजी शासन की महिला नीति में स्पष्ट अंतर्विरोध उभरकर सामने आया—एक ओर महिलाओं को घरेलू दायरे तक सीमित रखने का प्रयास किया गया, वहीं दूसरी ओर राज्य की आर्थिक एवं सैन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उनकी सक्रिय भागीदारी अनिवार्य हो गई।

अंततः यह कहा जा सकता है कि नाजी शासन में महिलाओं की भूमिका केवल सामाजिक परंपराओं का परिणाम नहीं थी, बल्कि यह राज्य की राजनीतिक एवं वैचारिक रणनीति का एक महत्वपूर्ण अंग थी। एडोल्फ हिटलर के नेतृत्व में यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि नाजी शासन के दौरान महिलाएँ सशक्त नहीं हुईं, बल्कि उन्हें एक उपकरण के रूप में प्रयोग किया गया। नाजी काल में महिलाओं की स्थिति केवल निष्क्रिय या दमनग्रस्त नहीं थी, बल्कि वह राज्य की वैचारिक आवश्यकताओं के अनुसार निरंतर रूपांतरित होती रही। कुछ महिलाएँ नाजी संगठनों के माध्यम से व्यवस्था का समर्थन करती दिखीं, जबकि अन्य इस व्यवस्था की पीड़ित बनीं विशेषकर यहूदी, विकलांग और अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाएँ, जिन्हें अमानवीय नीतियों का सामना करना पड़ा। नाजी जर्मनी में महिलाओं की भूमिका एक जटिल ऐतिहासिक प्रक्रिया का परिणाम थी, जिसमें वैचारिक नियंत्रण, सामाजिक बाध्यताएँ तथा युद्धजनित आवश्यकताएँ एक-दूसरे से अंतर्संबंधित थीं। अधिनायकवादी नाजी शासन ने लैंगिक भूमिकाओं का उपयोग सत्ता को बनाए रखने के लिए किया एवं युद्धकाल में जर्मनी तथा उसके अधीनस्थ क्षेत्रों में स्त्रियों का मानसिक एवं शारीरिक रूप से यौन शोषण हुआ; युद्ध क्षेत्र में उन्हें 'फील्ड वाइफ' के समान उपयोग किया गया। द्वितीय विश्व युद्ध के उपरांत भी उनकी कठिनाइयों में कमी नहीं आई, क्योंकि युद्ध के पश्चात् पराजित जर्मन महिलाओं को रूसी सेना द्वारा प्रतिशोधात्मक शोषण का सामना करना पड़ा। इस कृत्य के लिए किसी भी युद्ध न्यायालय द्वारा उन्हें दोषी नहीं ठहराया गया। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि यह नाजीवादी जर्मनी का एक स्याह अध्याय है।

## संदर्भ सूची


1. सपरा चारु, पसरीजा मीनू. मेरा संघर्ष (हिटलर की आत्मकथा). दिल्ली: साधना पॉकेट बुक्स।
2. जैन, माथुर. आधुनिक विश्व इतिहास (1500 से 2000 तक). अट्ठाइसवाँ संस्करण, जयपुर: जैन प्रकाशन मंदिर, 2024.
3. स्टीफेंसन, जिल. वूमेन इन नाज़ी सोसाइटी लंदन: क्रूम हेल्म, 1975.
4. केर्शों, इयान. हिटलर: ए बायोग्राफी. लंदन: एलन लेन (पेंगुइन प्रेस), 2008.
5. शर्मा कालूराम, व्यास प्रकाश. आधुनिक विश्व का इतिहास (1500 से 2000 ईस्वी तक). चतुर्थ संस्करण, जयपुर: पंचशील प्रकाशन, 2015.
6. पंत पुष्पेश, जैन पाल. अंतरराष्ट्रीय संबंध. मेरठ मीनाक्षी प्रकाशन।
7. खन्ना एन वी. अंतरराष्ट्रीय संबंध.तृतीय संशोधित संस्करण विकास पब्लिशिंग हाउस।
8. मेहता न. ब्र. आधुनिक यूरोप (1871-1956 ई०). आगरा लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, 2013.
9. नॉर्मल लो. गुप्ता अरुण, खन्ना इंदु. मास्टरिंग मॉडर्न वर्ल्ड हिस्ट्री आधुनिक विश्व इतिहास प्रथम हिंदी संस्करण: हिंदी अनुवाद. नई दिल्ली, देव पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स 2019.
10. वर्मा दीनानाथ. अंतरराष्ट्रीय संबंध. नई दिल्ली: ज्ञानदा प्रकाशन, 2016.
11. कून्ज़, क्लाउडिया. मदर्स इन द फादरलैंड: वीमेन, द फैमिली एंड नाजी पॉलिटिक्स. न्यूयॉर्क: सेंट मार्टिन्स प्रेस, 1987।